## खबर संक्षेप

### सफर-ए- हज की ट्रेनिंग व हाजियों का टीकाकरण आज

**मण्डला।** जिला हज कमेटी



मण्डला एवं हज वेलफेयर सोसायटी शाखा मण्डला द्वारा 03 मई 2025, बरोज़ शानिवार की सुबह 11 बजे से टीकांकरण एवं हज ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिला हज कमेटी मण्डला के सदर हाजी मो. गनी ने बताया कि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने एक बार फिर अपने बंदो मे से कुछ मखसूस बन्दो को अपने घर का तवाफ और अपने महबूब के रोज़े का दीदार करने का खुशगवार मौका अता किया है। लिहाजा इस अज़ीम तरीन सफर पर खानगी से कब्ल सफर-ए-हज की ट्रेनिंग व टीकाकरण का पुरकैफ मौका सरज़मीने मण्डला पर मुन्नकिद किया जा रहा है। टीकाकरण एवं हज ट्रेनिंग हाजी मो. गनी के मुकाम लालीपुर बाड़ा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड में होगी। इसमें हज यात्रा 2025 के जाने वाले सभी यात्रियों को टीके लगाए जायेगे और हज के दौरान किये जाने वाले सभी अरकानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर 05 मई 2025 को मंडला आएंगी

**मण्डला।** राज्यमंत्री श्रीमती सांवित्री ठाकुर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार 5 मई 2025 को सुबह 10 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर मंडला आगमन कर आँगनबाड़ी और वन स्टॉप सेंटर मंडला का निरीक्षण करेंगी। आप दोपहर 1 बजे रामनगर मंडला में आदि उत्सव समारोह में सहभागिता कर सायंकाल 5 बजे मंडला से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगी।

## रेलवे स्टेशन के सामने बनी कॉलोनी का गेट अनुमति प्राप्त या अवैध?

# कॉलोनाईजर पहुंचा रहे रेल्वे की सम्पत्ति को नुकसान?

*** जांच करने की उठी मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में अवैध कॉलोनी निर्माण का धंधा इन दिनों जोरों पर है। जहां देखो वहां खेतों को प्लॉटिंग कर कॉलोनी के रूप में बेचा जा रहा है। सवाल उठता है कि क्या कॉलोनाइज़र्स के पास कोई वैध लाइसेंस, ग्राम पंचायत, नगर निवेश या रेरा से अनुमति है? इसके बावजूद खुलेआम कृषि भूमि पर प्लॉट काटे जा रहे हैं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भोले-भाले ग्राहक भ्रमित होकर इन प्लॉटों को खरीद रहे हैं।



ताजा मामला शहर के महाराजपुर रेलवे स्टेशन के सामने बनी कॉलोनी का है। सूत्रों के अनुसार यहां प्लॉट बेचते समय कॉलोनाइजर द्वारा ग्राहकों को यह बताया गया कि कॉलोनी का मुख्य द्वार सीधे रेलवे स्टेशन की ओर खुलता है और यही रास्ता आवागमन के लिए उपयोग होगा। इससे ग्राहकों को यह आभास हुआ कि कॉलोनी स्टेशन से सीधी जुड़ी हुई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या रेलवे ने कॉलोनी वाले को गेट रखने की कोई अनुमति प्रदान की है?



हालांकि वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। बताया जा रहा है कि रेलवे द्वारा क्षेत्र में बाउंड्री वॉल का निर्माण तो किया गया है, लेकिन जिस स्थान पर कॉलोनी का गेट बनाया गया है, वहां दीवार न छोड़कर एक खुला हिस्सा छोड़ दिया गया है, जो संदेह का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या वास्तव में रेलवे ने कॉलोनी के लिए गेट की अनुमति दी है या यह अवैध रूप से बनाया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए यह जांच का विषय बन गया है। यदि बिना अनुमति के रेलवे की सीमा से जुड़ा गेट बनाकर कॉलोनी का प्रचार किया गया है, तो यह न सिर्फ नियमों की अवहेलना है, बल्कि लोगों को भ्रमित कर आर्थिक शोषण करने जैसा कृत्य भी है।

इस प्रकार की कॉलोनियों में न तो सड़क, नाली, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद होती हैं और न ही खेल मैदान या सार्वजनिक स्थल। ऐसे में जब लोग प्लॉट लेकर मकान बनाते हैं, तो उन्हें बाद में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रेलवे स्टेशन के सामने बनाई गई इस कॉलोनी की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि कॉलोनी के मुख्य द्वार के लिए रेलवे की ओर से कोई वैध अनुमति दी गई है या नहीं।

यदि यह मामला अवैध पाया जाता है, तो ऐसे कॉलोनाइज़रों पर सख्त कार्रवाई कर शासन को राजस्व हानि से बचाया जाए और आम जनता को ठगे जाने से रोका जाए।

# बैगा परिवारों को नहीं मिल रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम खैरी में करीब 20 बैगा परिवार रहते हैं जो की पानी के लिए उन्हें बहुत दूर जाना पड़ता है विगत दिनों से नल जल योजना के तहत जल जीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी बनाई गई जो कि अधूरी है ठेकेदार द्वारा जगह-जगह परिवारों को कनेक्शन दिया गया जिसमें सीसी सड़क को उखाड़ कर अलग कर दिया कनेक्शन देने के बाद भी अभी तक उन परिवारों को पानी नहीं मिल पा रहा है उनका कहना है बैगा विकास मत से बड़ी माई से बैगा मोहल्ला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना का पानी हमें नहीं मिल पा रहा है जिससे भीषण गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लाइन बिछाई गई है ठेकेदार द्वारा लेकिन अभी तक उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं बैगा परिवार अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण इन परिवारों को पानी नसीब नहीं हो रहा है पंचायत को बोला गया परंतु पंचायत के हैंड ओवर अभी नहीं हुआ है जिसके कारण वहां पर कोई भी व्यक्ति देखने के लिए नहीं हैअतः जिला कलेक्टर महोदय से एवं संबंधी अधिकारियों से निवेदन है कि शीघ्र ही उन परिवारों को पानी की व्यवस्था की जाए।



## समय सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर 45 हजार की शास्ति अधिरोपित

**मण्डला।** म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करना प्रावधानित है। 17 मार्च की स्थिति में लोकसेवा केन्द्र/एमपी ऑनलाईन/ऑनलाईन ईकेवाईसी तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत पदाभिहित अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर समय सीमा के बाहर लम्बित प्रदर्शित हुए हैं। समय सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर 9 राजस्व अधिकारियों पर 45 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। पोर्टल के अनुसार 54 आवेदनों में सेवा प्रदाय करने की अंतिम तिथि के उपरांत भी आवेदनों का निराकरण नहीं किया गया, जिसके संबंध में संबंधित राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे जिनके प्रतिउत्तर समाधानकारक नहीं पाए जाने के कारण अस्वीकृत करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मध्यप्रदेश लोकसेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 में विहित प्रावधानों के तहत हिमांशु भलावी तहसीलदार मंडला, दिनेश वरकड़े तहसीलदार बिछिया, नितिन गौड़ तहसीलदार नारायणगंज, चंद्रकुमार वट्टे तहसीलदार घुघरी, विजय कुमार त्यागी तहसीलदार नैनपुर, संदीप कुमार नागोसे नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी, कैलाश प्रसाद कोल नायब तहसीलदार मवई, हीरालाल तिवारी नायब तहसीलदार बम्हनी एवं अजय श्रीवास्तव नायब तहसीलदार अंजनिया पर क्रमशः 5-5 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की। शास्ति की राशि 3 दिवस के अंदर जमा कराते हुए चालान की एक प्रति जिला कलेक्टर कार्यालय में जमा कराना होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीसी के माध्यम से की समाधान ऑनलाईन की समीक्षा



**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाईन एवं सीएम डैशबोर्ड की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमें सुशासन लाना है इसका मतलब है कि रूटीन के काम बिल्कुल सुचारू रूप से चलें। समाधान ऑनलाईन की समीक्षा का उद्देश्य यह है कि राज्य स्तर से हम ग्राउंड लेवल पर सुशासन की स्थिति का आंकलन कर सकें। सभी जिले सीएम ऑनलाईन के माध्यम से आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने पर फोकस करें। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के विषय में फोकस करने के लिए जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में नरवाई चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 3 मई को मंदसौर में कृषक सम्मेलन और उद्यम समागम आयोजित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। वीसी के दौरान समाधान ऑनलाईन के एट्रीब्यूट्स के आधार पर विभिन्न जिलों के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ सीएम डैशबोर्ड के इंडीकेटर्स पर भी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जिलों की रैंकिंग का आंकलन किया गया। मंडला एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

## पुलिस महा निरीक्षक बालाघाट ने 30 हजार रूपए का इनाम घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन श्री संजय कुमार ने पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा क्रमांक 80 (ब)(प) में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए यह उद्घोषणा की है कि थाना टिकरिया जिला मण्डला के अपराध क्रमांक 217/2024 धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता में अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जो कोई व्यक्ति या पुलिस अधि/कर्म. सूचना देगा जिससे आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके, उसको 30,000 रुपये (तीस हजार रुपये) नगद ईनाम से पुरस्कृत किया जावेगा। सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखा जायेगा। एक से अधिक सूचनाकर्ता अथवा पुलिस अधि/कर्म. होने पर पुरूस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन, बालाघाट का होगा। उन्होंने जारी आदेश में बताया कि 22 दिसंबर 2024 को श्री हेमराज पन्द्रो पिता मोहनलाल पन्द्रो उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चटरा थाना टिकरिया ने रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम पंचायत परतला का सरपंच हूं मेरे बड़े भाई तरूण कुमार पन्द्रो का चार वर्ष का लड़का डेविड पन्द्रों को घर में करीबन शाम 7 बजे उसके पिता ने उसे समोसा खाने दिया और समोसा खाने के बाद उसे हाथ धोने के लिए आंगन में जाने के लिए भेजा कुछ समय तक डेविड घर वापस नहीं आया तो उसे ढूंढने लगे आसपास घरों में भी तलाश किये लेकिन नहीं मिला। मेरे भतीजे डेविड पन्द्रो का हुलिया रंग गेहुआ पेंट टी शर्ट पहना है कद तीन फीट, बोल चाल लेता है मुझे शक है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे भतीजे डेविड को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना टिकरिया जिला मण्डला में अपराध क्रमांक 217/2024 धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्यवाही** | **सब्जी के ठेले एवं आसपास की दुकानों में दुकानदार द्वारा किया जा रहा अतिक्रमण।**

# बीच सड़क में अतिक्रमण पर कार्यवाही

*** पंचायत एवं तहसीलदार पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



विगत कई दिनों से बीच बस स्टैंड बीच सड़क पर सब्जी के ठेले एवं आसपास की दुकानों में दुकानदार द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है बार-बार निवेदन करने के बाद भी बड़ी मुश्किल से पंचायत एवं तहसीलदार पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही कल 4:00 बजे की गई जिसमें सड़क में पाल पर्दा लगाकर बैठे दुकानदार को कहा गया कि बीच में दुकान ना लगे इस तरह से विगत दिनों भी इसी तरह की कार्यवाही की गई थी परंतु अतिक्रमणकारियों सब्जी ठेलो एवं अन्य खेलों पर सख्त कार्रवाई न होने के कारण लोग फिर बीच बाजार में अतिक्रमण जमाई हुए हैं बाजार हाट के दिनों में लोगों को पैदा पैदल चलना मुश्किल हो जाता है सब्जी ठेलो वाले एवं चाय समोसा वाले द्वारा बस स्टैंड के अंदर गंदगी फैलाई जा रही है मनमाने तरीके से ठेले लगाकर बीच रोड में अतिक्रमण किए हुए हैं जिससे बसो को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थाई दुकानदार द्वारा दुकान के सामने अवैध कब्जा जमाए हुए हैं जिसे इतना बड़ा बस स्टैंड आने-जाने के लिए रोड गली बन जाती है सकरी गली नुमा रोड दिखाई देती है जिससे लोगों को निकालने में बहुत परेशानी होती है अधिकारियों द्वारा इस बार फिर उन्हें बताया गया है अब देखते हैं कि कल उन ठेले पर का क्या कार्यवाही होगी या फिर भी लोग अपनी मनमानी कर पुन अपने स्थान में आ जाएंगे ज्ञात होने की इस कार्यवाही के लिए नारायणगंज की जनता द्वारा कई बार 181 लगाई गई परंतु उन्हें दबाव देकर बंद कर दी जाती है कि उनको पर कार्रवाई होगी परंतु ऐसा न होने पर लोग फिर से 181 लग रहे हैं।



## लाडली लक्ष्मी उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शुक्रवार को झंकार भवन में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी एवं लाडली लक्ष्मी बालिकाएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ लाडली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा जनप्रतिनिधि के साथ दीप प्रज्जवलन कर किया गया, तदोपरान्त कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लाडली लक्ष्मी एंजल जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लाडली बालिकाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने गीत कविता एवं उदबोधन के माध्यम से मंच पर अपनी प्रतिभा उजागर की। जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के अश्वासन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए एवं दसवीं एवं बारहवीं में ग्रामीण स्तर पर प्रथम आने वाली छः बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपराजिता के अंतर्गत बालिकाओं के द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाली लाडली बालिकाओं को मोमेटों देकर सम्मानित किया गया। एक पेड़ बेटी के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी लाडली बालिकाओं के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में आभार प्रदर्शन लाडली लक्ष्मी अर्पिता झारिया के द्वारा किया। कार्यक्रम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शालिनी तिवारीके मार्गदर्शन पर सम्पन्न हुआ।



## खबर संक्षेप

### शहपुरा में मनाया गया लाडली लक्ष्मी उत्सव



हरिभूमि न्यूज, शहपुरा- शहपुरा नगर के एकीकृत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा शुक्रवार को लाडली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया जिसमें लाडली लक्ष्मी सहित उनकी अभिभावक उपस्थित रहे रहे लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम उपस्थिति की गई एवं बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया इस दौरान बच्चों ने एक वृक्ष लाडली लक्ष्मी के नाम पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी की गई इस दौरान सुपरवाइजर यशोदा तेकाम दयावती गवले आकांक्षा नामदेव लक्ष्मी शिव संगीता बैरागी प्रतिभा साहू गंगाराम झारिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता गुप्ता अनीता साहू लता साहू एवं अभिभावक गण मौजूद रहे

### शहपुरा डिंडोरी नेशनल हाईवे का गुणवत्ता हीनकार्य, ग्रामीणों ने की शिकायत



सड़क और नाली पर अभी से बड़ी-बड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी ।शहपुरा - नेशनल हाईवे **NH** 45 का निर्माण जबलपुर से अमरकंटक तक टेंडर प्रक्रिया के तहत होना है। जिसे चार खंडों में अलग-अलग ठेकेदार/ कंपनी द्वारा निर्माण किया जा रहा है जो पेटी कॉन्ट्रैक्ट है। इन अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उनमें शाहपुरा से कुंडम एवं शाहपुरा से डिंडोरी रोड के निर्माण प्रक्रिया में ठेकेदार/ कंपनी द्वारा घोर लापरवाही बरतते हुए पूर्णतया गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीण जनों द्वारा समय-समय पर की जाती रही है और वर्तमान में भी ग्रामीण जनों क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं अन्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई है ग्रामीणों द्वारा माननीय कलेक्टर महोदया डिंडोरी को लिखित शिकायत दी है साथ ही सीएम हेल्पलाइन 181 में भी शिकायत दर्ज की है इसके बावजूद भी किसी प्रकार की गुणवत्ता में सुधार ठेकेदार द्वारा ना करते हुए पूर्णतया मनमानी की जा रही है ग्रामीणों द्वारा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भी शिकायत की है ।लेकिन ठेकेदार/ कंपनी द्वारा अपने सड़क निर्माणाधीन कार्य में गुणवत्ता का समावेश नहीं किया जा रहा और ना ही आम ग्रामीण जनों की बात पर ही जोर दिया जा रहा जबकि प्रथम दृश्यता निर्माणाधीन कार्य को देखने पर ही यह स्पष्ट होता है कि कार्य पूर्णतया गुणवत्ताहीन है जगह-जगह से सड़क एवं नाली फटी हुई है न जाने किस तकनीक का इस्तेमाल ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जिससे सड़क एवं नाली में बड़ी-बड़ी दरारें उभर कर स्पष्ट दिख रही है जो गुणवत्ताहीन कार्य को दर्शाता है। ग्रामीणों द्वारा पूछने पर पता चला कि ठेकेदार /कंपनी रीवा की है जिसके द्वारा यह गुणवत्ता हीन कार्य किया जा रहा है।

# विधायक ओमकार मरकाम के जन्म दिवस पर मिशन सच्चाई का शंखनाद




### मध्यप्रदेश के 10 संघर्ष मोर्चा,संगठनों के मुखिया रहें मौजूद

**हरिभूमि न्यूज,डिंडोरी ।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने 50 वां जन्मदिवस के अवसर पर मिशन सच्चाई अभियान का शुभारम्भ किया।

ओमकार सिंह मरकाम ने मिशन सच्चाई का उद्देश्य बताते हुए कहा की प्रत्येक संस्था चाहे वह सरकारी हो या संगठन, सभी सच्चाई के रास्ते पर चले, सरकार जनता और गरीबों को आकड़ो के भ्रम में भ्रमित करना छोड़े। जैसे की बजट सत्र में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की आया मासिक आय 11800 रु होने का दावा किया गया था, जबकि स्थिति सरकार के दावों के विपरीत है, ये दावा महज एक मामूली उदाहरण हैं, सत्तासीन दल सत्ता में दबदबा बनाये रखने के लिए जनता को भ्रमित करना बंद करें।

अलग अलग संगठन के मुखियाओं ने देश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव, आर्थिक विषमता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की देश के पूंजीपतियों की सम्पति दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं वही दूसरी तरफ गरीब और गरीब होता जा रहा हैं, पूंजी का केंद्रीयकरण भारत के लिए घातक हैं।

मिशन सच्चाई के आगाज के अवसर पर मिडवे जोगी टिकरिया में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश प्रदेश स्तर के सामाजिक संगठनों ने इसकी आवश्यकता और वर्तमान समय में सच को सामने लाने के उद्देश्य को जरूरत मानते हुए समर्थन का ऐलान किया हैं। विवेक पवार ने कहा की प्रकृति संपदा में सभी जीव जंतुओ का अधिकार हैं लेकिन सरकारे मुनाफे के लिए पर्यावरण और आमजनों के जिंदगी तबाह करने के लिए जबरन बांध निर्माण, चुटका परियोजना जैसे प्रोजक्ट बनाकर जन जीवन से खिलवाड़ करने पर उतारू हैं, पलायन, विस्थापन, और दुष्परिणाम का बगैर आकलन किए सरकार मनमानी कर रही हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व विधायक निवास डॉक्टर अशोक मर्सकोले, जयंत वर्मा भारत जन आंदोलन, राजकुमार सिन्हा बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ, डाक्टर राहुल बनर्जी खेत मजदूर चेतना संगठन, विवेक पवार जनसंघर्ष मोर्चा महाकौशल, विजय कुमार, राजेश कुमार, विष्णुकांत, बिरसा मुंडा विचार मंच, इंद्रपाल मरकाम, जयस संगठन, राधेश्याम मरावी, सहित अनेको वरिष्ठ नागरिकों ने मिशन सच्चाई को समर्थन दिया हैं।

# करौंदी में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन, बालिकाओं को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र



**हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी**

शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम करौंदी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर लाड़ली बालिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर वातावरण को सजाया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू और ग्राम की सरपंच दुर्गा बाई बनवासी उपस्थित रहीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना दुबे, प्रमिला साहू एवं गौरी बनवासी द्वारा दोनों अतिथियों का तिलक वंदन कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।अपने संबोधन में जनपद सदस्य श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना से बालिकाओं को न सिर्फ आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भी बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दें और पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अवश्य करें। इसी क्रम में एक पौधा 'लाड़ली लक्ष्मी' के नाम पर रोपित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना दुबे (केंद्र क्रमांक 1), प्रमिला साहू (केंद्र क्रमांक 2), गौरी बनवासी (संजयनगर केंद्र), सहायिका सिया बाई साहू, प्यारी बाई बरमैया, राधिका साहू सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### हजयात्रा पर रवाना हुए दंपत्ति , कस्बावासियों ने दी बधाई



**हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी ।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर के प्रतिष्ठित नागरिक श्री अजीज कुरैशी शुक्रवार को अपने धर्मपत्नी के साथ हजयात्रा के लिए रवाना हो गये। इस पावन अवसर पर उनके निज निवास स्थान पर आत्मीय मुलाकात करने पहुंचे समाज तथा कस्बावासियों ने सुबह उनसे भेंटकर हजयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी । वहीं विदाई के मौके सभी भावुक नजर आए । इस दरमियान सदर तमजीद कुरैशी, रज्जाक शमशी,नायब सदर रसीद कुरैशी, सुन्नत जमात के चिंतक शोएब कुरैशी, इमाम व धर्मगुरु,अतीक खान ,समाजसेवी मुकेश प्यासी,शिक्षक इनायत अली,राजेश सारीवान, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

# जिले में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू, शिक्षकों को प्रस्तुत करना होगा अभ्यावेदन

**हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी ।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य, डिंडौरी द्वारा विभागीय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक पदों के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित करने हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर संबंधित शिक्षकों को सूचित करें। यदि किसी शिक्षक को स्वयं को अतिशेष किये जाने पर आपत्ति हो, तो वे दिनांक 29 अप्रैल 2025 से 1 मई 2025 तक सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य कार्यालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी अतिशेष शिक्षकों को लिखित सूचना देना अनिवार्य किया गया है। साथ ही इस संबंध में कलेक्टर डिंडौरी को भी सूचित किया गया है।



### शासकीय शिक्षक संगठन ने जताई नाराजगी

इस बीच शासकीय शिक्षक संगठन जिला डिंडौरी के अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने विभागीय कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सभी विकासखंडों एवं संकुल प्राचार्यों से रिक्त पदों की वास्तविक जानकारी लिए बिना पूर्व से भरे हुए पदों को रिक्त मानते हुए नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है।

राम कुमार गर्ग ने आरोप लगाया कि पहले से कार्यरत शिक्षकों को बाद में अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जिससे कई शिक्षकों को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों और लिपिकों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस अव्यवस्था का सीधा खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। शिक्षक संगठन ने प्रशासन से इस प्रक्रिया की पुनः समीक्षा कर वास्तविक स्थिति के अनुसार निर्णय लेने की मांग की है।

### मामला दर्ज होते ही आरोपी हुए फरार

# मोटर साईकल की सीट के नीचे गांजा रख कर फंसाया, अब षड्यंत्रकारियों को उल्टा पड़ा दांव



**हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी ।** समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदरानी में रोजगार सहायक राधेश्याम ने प्रतिद्वंदी को निपटाने के लिए ऐसी साजिश रचा कि सुनकर कलेजा कांप जाए, इस तरह की गंदी साजिश और हरकत कोई सोच भी नहीं सकता लेकिन भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत पैसे से राधेश्याम की आंखे चौंधिया गई, पैसे और प्रभाव के दम पर सिस्टम को खरीदने का दम भरते हुए उसने 30 जनवरी 2024 को निर्दोष रामकिशोर राजपूत के मोटरसाइकल में एक किलो गांजा रखकर पुलिस से पकड़वा दिया।

दरअसल पूरा मामला यह है कि राधेश्याम राजपूत द्वारा रोजगार सहायक भर्ती प्रक्रिया के दौरान मैरिट में अव्वल रहे रामकिशोर राजपूत की हिस्से की नौकरी को कम्प्यूटर डिप्लोमा के फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर साम,दाम, दंड, भेद की नीति पर चलते हुए हथिया लिया था। जब रामकिशोर ठाकुर ने राधेश्याम द्वारा प्रस्तुत कम्प्यूटर डिप्लोमा की मान्यता को माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में चुनौती दी तो पहले केस वापस लेने के लिए धमकाया,प्रलोभन दिया, केस वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगतने की चेतवानी और अंततः जब रामकिशोर ने केस वापस लेने से मना किया तो साजिश रच कर, मोटरसाइकिल के नकली चाबी बनवा कर सीट के नीचे गाँजा रख दिया । पीड़ति राम किशोर समनापुर गया तब रोजगार सहायक या उसके सहयोगियों के इशारे पर पुलिस ने रामकिशोर के गाड़ी से 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया जिससे निर्दोष को लगभग 42 दिनों तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहना पड़ा..? अब पुलिस ने साजिश रचने वाले अत्याचारी रोजगार सहायक राधेश्याम राजपूत और सहयोगी रामू राठौर पर शिकंजा कसते हुए गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को तलाश शुरु कर दी है।

### यह हैं पूरा मामला,एसडीओपी की जाँच में खुली साजिश की परतें

साजिश का शिकार और एनडीपीएस प्रकरण के आरोपी रामकिशोर की पत्नी रमनी बाई राजपूत पति रामकिशोर राजपूत, भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा एसपी के कार्यालय एवं श्रीमति संपतिया उइके, केबिनेट मंत्री मप्र शासन भोपाल के कार्यालय तथा जिला पंचायत अध्यक्ष,के द्वारा थाना प्रभारी समनापुर को इस आशय का शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि आवेदिका श्रीमति रमनी बाई के पति रामकिशोर की शैक्षणिक योग्यता का प्रतिशत अधिक होने के बाद भी ग्राम चांदरानी पंचायत वर्तमान सहायक सचिव राधेश्याम को भर्ती किया गया था। जिस पर रामकिशोर द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी 29829/2023 लगाया गया है। इसी बात पर से अनावेदक राधेश्याम द्वारा किशशशेर को एक लाख रूपये देकर केश वापिस लेने कह रहा था। रामकिशोर को केश वापिस नहीं लेने पर वर्तमान रोजगार सहायक राधेश्याम द्वारा गाजा प्रकरण में फंसाया गया हैं। जिसकी जांच हेतु केके त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डिण्डौरी को शिकायत की जाँच का जिम्मा सौंपा गया था,

### मिशन के लिए एक किलो गाँजा की मांग,व्हाट्सप्प ग्रुपों में वायरल हुआ था ऑडियो

प्रकरण की कायमी व आरोपी के ज्यूडिशियल रिमांड दिनांक 01/02/2024 के पश्चात लगातार व्यक्तिगत व्हॉटसअप व लोकल व्हॉटसअप ग्रुपो में राधेश्याम राजपूत के सहयोगी रामूसिंह राठौर व ग्राम चांदरानी निवासी भुवन सिंह राजपूत के बीच फोन के माध्यम से रामूसिंह द्वारा भुवन सिंह को किसी मिशन के लिये 02 किलो गांजा चाहने व व्यवस्था करने हेतु बोला जा रहा से संबंधित आडियों प्रसारित होने संबंधी जानकारी होने पर पूर्व सरपंच चन्द्रभान माकों के द्वारा पेनड्राईव में पेश करने पर जप्त किया गया। साक्षीगणों के कथनों में राधेश्याम राजपूत व रामूसिंह राजपूत दोनो ग्राम चाँदरानी पंचायत में पदस्थ होने, दोनो एक साथ कार्य करते है। दोनों के अच्छे संबंध हैं। रामू सिंह राठौर के नाम से रजिस्टर्ड सिम का उपयोग राधेश्याम राजपूत के द्वारा किया जा रहा था । इसी संदर्भ में संलिप्त व्यक्तियों की सायबर सेल डिण्डौरी से कॉल एव कैफ डिटेल, लोकेशन मय प्रमाण पत्र के प्राप्त की गई। कॉल डिटेल, लोकेशन व साक्षीगणों के कथन से यह प्रमाणित पाया गया की दिनाक 14/01/2024 को करीब 01 बजे दिन में रामूसिंह राठौर के द्वारा भुवन सिंह राजपूत को फोन कर किसी मिशन के लिये 02 केजी गांजा चाहने व्यवस्था करने हेतु बोला गया था। जिसको मोबाइल फोन ऑडियो रिकार्डिंग इस बात की सत्यता को सुनिश्चित करती है।

दिनांक 21/01/2024 को राधेश्याम राजपूत के द्वारा ग्राम चाँद रानी निवासी मुकेश कुमार राठौर को फोन कर रामकिशोर राजपूत के होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमाक एमपी 18 एनएस 8374 की चाबी का काम है, बहाना, बना कर चाबी की फोटो व्हॉटसअप पर प्राप्त कर, चाबी की फोटो को व्हॉटसअप से तुरंत मुकेश कुमार राठौर को डिलीट करने हेतु बोलकर, व्हॉटसअप पर प्राप्त हुई राम किशोर राजपूत के मोटर सायकल की चाबी की फोटो को, दिनांक 21/01/2024 के समय करीब 02 बजे डूप्लीकेट चाबी निर्माता शिवप्रसाद उर्फ बब्लू वैश्य निवासी डिण्डौरी को दिखाकर राधेश्यान राजपूत के द्वारा रामकिशोर राजपूत के मोटर सायकल की डूप्लीकेट चाबी तैयार करवाया गया था।

जाँच में यह तथ्य सामने आया हैं की रामकिशोर राजपूत न तो नशा का सेवन करता था और ना ही किसी प्रकार क नशीले पदार्थों की बिक्री करता था।जाँच में उजागर हुआ हैं की राधेश्याम राजपूत के पास रामकिशोर राजपूत के मोटर सायकल की तैयार कराई गई डूप्लीकेट चाबी रखी थी व राधेश्याम राजपूत व रामू राठौर की उपस्थिति में घटना दिनांक 31/01/2024 के एक दिन पहले दिनांक 30/01/2024 के रात्रि लगभग 10 बजे, घर के सभी सदस्यों के सो जाने के बाद आंगन में रामकिशोर राजपूत के मोटर सायकल के पास उपस्थित होना, योगीराम के द्वारा रात्रि में लघुशंका हेतु घर से बाहर निकलने पर देखा गया एवं कथन में आया है। गाँजा प्रकरण में आरोपी रामकिशोर को अपराधिक षड्यंत्र कर झूठा फंसाया जाना तथा जाचकर्ता अधिकारी के द्वारा प्रकरण में ज्यूडिशियल रिमांड न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर खत्म कराया जाकर प्रकरण में खात्मा लगाया गया था।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला डिण्डोरी से पत्र क्रमाक डीपीओ / डिण्डोरी/103/2024 दिनांक 28/02/2024 के माध्यम से प्राप्त अभिमत में भी जांच सही प्रतीत होना पाया जाना लेख कर देने पर पत्र क्रमांक पुअ/डि/रीडर 176-ए/2024 दिनांक 29/02/2024 के पालन में न्यायालय को आरोपी का ज्यूडिशियल रिमाण्ड खत्न किये जाने संबंधी प्रतिवेदन प्रत्तुत कर रामकिशोर राजपूत की ज्यूडिशियल रिमाण्ड दिनांक 11/03/2024 को खत्म करायी गई। प्रकरण में जप्तशुदा होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमांक एमपी 18 एमएस 8374 व मोबाईल फोन को न्यायालय के आदेश के पालन में रामकिशोर राजपूत के तुपुर्द किया गया था ।

प्रकरण की जाँच में सामने आया हैं की कि आरोपी रामकिशोर राजपूत को षडयंत्रपूर्वक झूठे गभीर पुलिस अपराधिक प्रकरण में फंसाये जाने हेतु राधेश्याम राजपूत व रामूसिंह राठौर के द्वारा मादक पदार्थ गांजा की व्यवस्था कर, रामकिशोर राजपूत के मोटर सायकल की दूसरी डुप्लीकेट चाबी तैयार करवाकर कर षड्यंत्रपूर्वक घटना दिनांक से एक दिन पूर्व रात्रि में रामकिशोर राजपूत के मोटर सायकल, जो की आगन में खड़ी थी, सीट के नीचे मादक पदार्थ गांजा रखकर किसी माध्यम से पुलिस को सूचित कर रामकिशोर राजपूत को संबंधित अपराधिक प्रकरण में फंसाया गया है, प्रकरण की विवेचना में आरोपी रामकिशोर के द्वारा अपराध घटित करना नहीं पाया गया है। एवं अनावेदक राधेश्याम राजपूत व रामूसिंह राठौर के द्वारा आरोपी रामकिशोर को षड्यंत्रपूर्वक फसाया गया है।

### साजिश रचने के मास्टरमाइंड को उल्टा पड़ा दाँव, राधेश्याम और रामू हुए फरार..?

रोजगार सहायक राधेश्याम और रामू राठौर द्वारा षड़यंत्र रचकर गाँजा रखने का मामला सामने आने पर का मामले में धारा 29 एनडीपीएस, धारा 195, 196, 120 बी, 420,467,34 ताहि का इजाफा किया जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है, आरोपी राधेश्याम राजपूत मुख्य आरोपी है, जिसने रामकिशोर को स्वयं की रंजिश के चलते मादक पदार्थ गाजा के प्रकरण में फसाया है। मामला दर्ज होने के बाद से ही राधेश्याम और रामू फरार हैं जिनको गिरफ्तार करने के लिए समनापुर पुलिस लगातार कोशिश कर रही हैं। आरोपी की जमानत अर्जी प्रधान सत्र न्यायधीश डिंडोरी द्वारा ख़ारिज की गई हैं।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' में बेटियों की प्रतिभा का जलवा, शौर्या साहू को विशेष सम्मान

**हरिभूमि न्यूज,डिंडौरी ।** कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में शुक्रवार को "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और प्रोत्साहन का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष अंजू व्यौहार, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते, नरेन्द्र राजपूत, आशीष वैश्य, नीलू जैन, राजेन्द्र द्विवेदी, जिला प्रशासन से अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लाड़ली बालिकाएं मौजूद रहीं।

### लाड़लियों ने संभाला मंच संचालन, दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। लाड़ली बालिकाओं द्वारा मंच संचालन कर कार्यक्रम को आकर्षक रूप दिया गया। बालिकाओं ने प्रेरणादायक उद्बोधन प्रस्तुत किए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मार्शल आर्ट प्रदर्शन और बालिकाओं का सम्मान

'अपराजिता' कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली बालिकाओं — कु. सानवी, खुशी, हर्षिता परिहार, विपाशा, नित्या, रुचि, वर्षा, नमामि, मेघारानी, लक्ष्मी वनवासी को सम्मानित किया गया।

### 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' में चयनित शौर्या साहू का हुआ विशेष सम्मान

इसरो द्वारा आयोजित 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' में चयनित जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव की छात्रा कु. शौर्या साहू को कार्यक्रम में आमंत्रित कर ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। लाड़ली बालिकाओं को शौर्या की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

### आश्वासन प्रमाण पत्र का वितरण, अनुभवों की साझा प्रस्तुति

कार्यक्रम में पात्र लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाओं ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए, जिनमें योजना से हुए सकारात्मक बदलावों की चर्चा प्रमुख रही।

मुख्य अतिथियों ने बालिकाओं के सशक्तिकरण और योजनाओं की व्यापक पहुँच पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि बालिकाओं को समाज में विशिष्ट स्थान दिलाने तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। जन्म से लेकर शिक्षा और विवाह तक, बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय नौकरियों में महिलाओं को 56 प्रतिशत तक आरक्षण प्रदान कर सरकार ने उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत आधार दिया है जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं को शिक्षा, खेल, विज्ञान और कला जैसे विविध क्षेत्रों में प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है। इस योजना के माध्यम से बेटियाँ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की एक क्रांतिकारी योजना है, जिसका उद्देश्य अंतिम छोर तक की बालिकाओं तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।




योजना की जानकारी और उद्देश्य पर प्रकाश

महिला एवं बाल विकास विभाग समनापुर के परियोजना अधिकारी अयोध्या सिंह राठौर ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना 1 अप्रैल 2007 से आरंभ की गई थी, जिसका उद्देश्य बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना, शिक्षा व स्वास्थ्य के स्तर को बेहतर करना है

उन्होंने बताया कि 1 नवम्बर 2022 से शुरू हुई लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दो किश्तों में प्रदान की जाती है। पात्रता के अंतर्गत केवल वे बालिकाएं शामिल की जाती हैं जो 1 जनवरी 2006 अथवा उसके पश्चात जन्मी बालिका हो, माता-पिता मध्यप्रदेश की मूल निवासी हों, माता-पिता आयकरदाता न हों, ऐसे सभी पात्र बालिकाओं का पंजीयन स्थानीय आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत किया जाता है।

योजना के तहत लाभ योजना के अंतर्गत शासन द्वारा बालिका के नाम पर कुल 1,43,000 रुपये का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। कक्षा 6वीं, 9वीं, 11वीं और 12वीं में छात्रवृत्ति दी जाती है तथा स्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। विवाह भी शासन द्वारा निर्धारित वैधानिक उम्र में होने पर 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

अब तक 54,847 बालिकाओं का पंजीयन, 29,928 को छात्रवृत्ति लाभ

परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में अब तक कुल 54,847 बालिकाओं का पंजीयन हो चुका है, जिनमें से वर्ष 2016 से 29,928 बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है।

### ग्राम पंचायतों में भी मनाया गया लाड़ली उत्सव

कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिला स्तरीय "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" कार्यक्रम के साथ-साथ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

"एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम" अभियान में किया गया पौधरोपण कार्यक्रम के उपरांत "एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम" अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और लाड़ली बालिकाओं द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बालिकाओं के भविष्य को हरियाली और उम्मीदों से भरना है।

कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग शहपुरा के परियोजना अधिकारी विपिन डेहरिया द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और बालिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस बचई के पास हुई सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमेश पिता रामप्रसाद गौड़ उम्र 53 वर्ष निवासी सिहारो को बचई के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### हर्ष जाट ने जीता कांस्य पदक



**नरसिंहपुर।** वाराणसी में यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन इंडिया द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के अलावा नेपाल श्रीलंका एवं भूटान के 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में नरसिंहपुर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। कोच बृजेश घारू के नेतृत्व में हर्ष जाट ने कुमते फाइट वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया इसके पूर्व दिसंबर 2024 में नेशनल चैंपियनशिप में हर्ष जाट ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया । हर्ष राघवेंद्र सिंह ठाकुर बबलू एवं शिक्षिका श्रीमती अंजू ठाकुर के सुपुत्र हैं।

### राशन प्राप्त करने के हेतु ई- केवायसी 15 तक

**नरसिंहपुर।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 15 मई तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 15 मई तक ई- केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा।

### ब्रह्मदेव आश्रम के पास स्थित तालाब में हुआ श्रमदान



**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्राम पंचायत बिछुआ के थरेरी ब्रह्मदेव आश्रम में स्थित तालाब में सामूहिक श्रमदान किया गया। इससे भूमिगत जल की बढ़ोत्तरी हो सके और सभी को पानी की उपलब्धता रहेगी। यह कार्य विकासखंड सांईखेड़ा सेक्टर क्रमांक 5 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिछुआ के द्वारा किया गया।

### पेयजल हेतु कंट्रोल स्थापित

**नरसिंहपुर।** ग्रीमष्काल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों के खराब होने व जल स्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट निवारण की सतत निगरानी के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

### बरमान में हुआ खारी विसर्जन



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस पीडब्लूडी से सेवानिवृत रोशनलाल नौरिया 80 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था के चलते देहावसान हो गया। वे पत्रकार अमर नौरिया, जयसिंह व विजय नौरिया के पिता थे। जिनका खारी विसर्जन मां नर्मदा के बरमान घाट मे किया गया।

### नही रहे अधिवक्ता चैधरी राजेंद्र सिंह



**नरसिंहपुर।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता चैधरी राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया का शुक्रवार को अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. नीतिराज सिंह के सुपुत्र व अधिवक्ता चै. राहुल सिंह के पिता श्री थे। साथ ही वे रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे है। उनका अंतिम संस्कार आज 3 मई को सुबह 9 बजे नकटुआ मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**नरसिंहपुर।** खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में ब्लाक, जिला और संभाग स्तर पर स्कूली बच्चों के अवकाश को सदुपयोग को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष एक माह का विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रशिक्षित खेल प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है ।

## विभिन्न वार्डों का लिया जायजा साफ सफाई व दवाई वितरण की ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





जिला चिकित्सालय आए दिन किसी ना किसी कारण से चर्चा का विषय बना रहता है। जबकि सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का वादा किया जाता है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को बेहतर सेवाएं नहीं मिल पाती है। जिला चिकित्सालय मे कई सेवाओं की कमियां हमेशा बनी रहती है। गत दिवस कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर जायजा लेकर मरीजों से चर्चा कर कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अब देखना है कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्था मे क्या सुधार होता है या फिर व्यवस्थाएं जस के तस चलती रहेंगी।

### सेंट्रल लैब का किया निरीक्षण

गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां जिला चिकित्सालय में आयुष्मान कक्ष, आई सी यू वार्ड, बच्चा वार्ड, चाइल्ड नर्सरी वार्ड, सेन्ट्रल लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसव पूर्व एवं प्रसव के पश्चात महिलाओं से स्वास्थ्य व पोषण शिशु, स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। चिकित्सकों को समय- समय पर ओ पी डी के लिए सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

### पर्याप्त साफ- सफाई के दिए निर्देश

चिकित्सालय में दवाईयां एवं अन्य उपकरण के लिए उचित संधारण करने और अस्पताल के वार्डों व अस्पताल में पर्याप्त साफ- सफाई और दवाईयों का वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। पीआईसीयू में ब्लड स्पेसिफिकेशन और मैटरनिटी विंग को विकसित करने और किचिन एवं डाइटरी सेवाओं द्वारा समय पर भोजन वितरण की जानकारी ली। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वार्डों में मरीजों के लिए कूलरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सी एम एच ओ डॉ. एस एस ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. जी सी चौरसिया, आर एम ओ डॉ. राहुल नेमा, अस्पताल प्रबंधक, अन्य अधिकारी- कर्मचारी सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद था। कलेक्टर ने अस्पताल में पर्याप्त साफ- सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य जानकारी ली।

### मरीजों व परिजनों को ना हो असुविधा

गत दिवस जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर कलेक्टर श्रीमती पटेल द्वारा मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए साफ सफाई व भोजन व दवाई वितरण की जानकारी ली। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के मरीज एवं उनके परिजनों को असुविधा न हो। कलेक्टर ने इलाज कराने आये मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। मरीजों के लिए उपलब्ध पलंग में बेडशीट निर्धारित दिवस के अनुसार बिछाई जाये सभी जगह सफाई का ध्यान रखा जाए।

# परमहंसी गंगा आश्रम में तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



परमहंसी गंगा आश्रम स्थित श्री शंकराचार्य समाधि स्थल पर आध्यात्मिक उत्थान मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक आध्यात्मिक शिविर का समापन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान के वातावरण में संपन्न हुआ। यह मंडल ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा आदिवासी अंचलों में धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। मंडल द्वारा उसी उद्देश्य को लेकर सक्रिय है और जनजातीय क्षेत्रों में आध्यात्मिक चेतना जागृत कर रहा है। इस वर्ष शिविर का शुभारंभ परशुराम जयंती पर दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण से हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य रामकृष्णानंद जी महाराज, पूज्य शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी, ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी, ब्रह्मचारी अचलानंद जी, ब्रह्मचारी ध्यानानंद जी, और ब्रह्मचारी विमलानंद जी सहित अनेक संत उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा, स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने जो अलख जगाई थी, हम उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। यह मंडल समाज के अंतिम व्यक्ति तक अध्यात्म की रोशनी पहुँचाने के लिए कार्यरत है। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी ने कहा, गुरुदेव का स्पष्ट निर्देश था कि धर्म की शिक्षा केवल मंदिरों तक सीमित न रहे, बल्कि वह गांव-गांव और वनवासी अंचलों तक पहुँचे। श्री शंकराचार्य जयंती पर भगवान आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा का जलाभिषेक एवं पूजन कर समापन हुआ। आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या और सहभागिता वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है, जो आध्यात्मिक जागरण का प्रमाण है। यह तीन दिवसीय आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भी जीवंत उदाहरण बना।

# अपर कलेक्टर ने किया राजस्व कैम्प का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने जिले की करेली तहसील के ग्राम मिड़ली में लगाये गये राजस्व कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां फार्मर रजिस्ट्री तथा पीएम किसान ई- केवायसी के कार्य का जायजा लिया। इसी कड़ी में जिले के राजस्व अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित राजस्व कैम्प का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत जिले के किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरूआत की गई है। इसमें प्रत्येक किसान के लिए एक यूनिक फार्मर आईडी बनायी जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एक डाटावेस तैयार किया जा रहा है। जिससे किसानों को कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया से आसान ऋण प्राप्त करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि, फसल और कृषक की जानकारी का सत्यापन इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जा सकेगा। इससे भौतिक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को जमीन लिंक, आधार एवं बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल एवं ई- केवायसी होना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जावे, जिससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों की ई- केवायसी करवायें। राजस्व कैम्प में अधिक से अधिक किसानों की ई- केवायसी की जावे और फार्मर रजिस्ट्री बनाई जावे।

# कलेक्टर ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मध्यप्रदेश शासन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत विभिन्न पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और मरम्मत करने के साथ नवीन जल संरचनाओं के निर्माण किये जा रहे हैं। इसमें अमृत सरोवर, खेत- तालाब, कंटूर ट्रेंच- खंती, सोकपिट आदि शामिल हैं। जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने चांवरपाठा जनपद पंचायत के ग्राम अंजसरा, खुलरी एवं रम्पुरा पहुंचकर अमृत सरोवर व खेत- तालाब निर्माण का मुआयना किया। अधिकारियों को ग्राम अंजसरा में बताया गया कि लगभग 28 एकड़ शासकीय भूमि में अमृत सरोवर निर्माण के लिए चिन्हित की गई है, जिसमें लगभग 10 एकड़ में अमृत सरोवर का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती पटले से चर्चा के दौरान बताया कि इस भूमि पर बरसात के समय में पानी लबालब भरा रहता है। अमृत सरोवर बन जाने से वर्षभर पानी की उपलब्धता होगी।

# मजदूर दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर रेलवे अस्पताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों के स्वास्थ्य की देखभाल और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। रेलवे अस्पताल में सभी हाउस मित्र और कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीपी, शुगर, आंख, कान, नाक की जांच की गई। साथ ही हाइट, वजन और बीएमआई की जांच भी की गई। चिकित्सकों ने श्रमिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे ने कहा कि मजदूर दिवस राष्ट्र की नींव को मजबूत करने वाले श्रमिकों को समर्पित है। यह दिवस मजदूरों के हितों और अधिकारों की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मजदूर कभी बेईमान नहीं होता। डॉ. कुर्रे ने श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि मजदूर होने में कोई शर्म नहीं है। मजदूर अपने पसीने की कमाई करता है और मिट्टी को सोना बनाता है। कार्यक्रम में रेलवे स्टेशन और अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी और यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस दिन को प्रेरणादायक बनाया।

# कागजों तक सिमट की रह गई नदी पुर्नजीवन योजना







### सूख गई सिंदूर और बरांझ

**तेंदूखेड़ा।** जिन नदियों में कभी अथाह जल भरा रहता था। गर्मियों के मौसम में भी कभी पानी नहीं कमता था आज वह नदियां भी पूरी तरह से सूख गई है। इन नदियों के उचित रखरखाव और संरक्षण की दिशा में पूर्व नदी पुर्नजीवन योजना के तहत जल संरचनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में बरांझ नदी पर विभिन्न ग्रामों में स्टाप डेम के माध्यम से प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर तक भिजवाये गये थे लेकिन प्रस्ताव कागजों तक ही सीमित रह गये। चूंकि मनरेगा से पुर्नजीवित कर पाना संभव नहीं है किसी बड़ी योजना मद के माध्यम से ही मूर्तरूप दिया जा सकता है।

दर्जनों गांवों को मिलता है लाभ

रायसेन और नरसिंहपुर जिले की सीमा पर स्थित सिंदूर नदी जिसमें वर्ष भर पानी भरे रहने के साथ जगह जगह बनाये गये स्टाप डेम के का नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा रहता था। इमलिया से लेकर मदनपुर और नीचे इटुआ बंधी तक पानी का भराव रहा करता था। समीप के गांवों में स्थित कुओं और हेंड पंपों में भी पानी रहने के साथ जमीनी जल स्तर भी संतोष प्रद बना रहता था लेकिन इस बार जमीनी जल स्तर इस तरह से नदारत हुआ है कि इस नदी में एक बूंद पानी नहीं बचा है।

### बरांझ भी सूख गई

खमरिया से बीकोर मनकापुर से आगे जाकर संगम पर नर्मदा में मिलने वाली बरांझ नदी भी गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। कहीं कहीं तो नदी में पानी ही नहीं बचा है।यह नदी एक दर्जन से अधिक गांवों को पानी उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय जल स्त्रोतों में पानी बढ़ाने मवेशियों को पानी और निस्तार की दिशा में काफी उपयोगी बनीं हुई है। लेकिन इस नदी का उचित रखरखाव ना होने की स्थिति में अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। नदी में जगह जगह रखीं विद्युत मोटरों ने पूरा पानी सोख लिया है। इसके बावजूद भी स्थानीय कृषक नदी में कुईया खोदकर किसी भी तरह से पानी निकाल कर मवेशियों को पानी की व्यवस्था बना रहे हैं।

### स्टाप डेम ही एक मात्र विकल्प

इन नदियों पर स्टाप डेम ही एक मात्र विकल्प बना हुआ है। पूर्व में भी बरांझ और पांडाझिर नदियों पर स्टाप डेम बनाये जाने की दिशा में विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रस्ताव तक रखे गये लेकिन नक्कारखाने की तूती की आवाज ही सिद्ध हुआ। वर्तमान विधायक ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए स्टाप डेम निर्माण के प्रस्ताव भिजवायें है। स्टाप डेम निर्माण से जहां वर्षा का पानी सहेजा जा सकेगा वहीं पर्याप्त मात्रा में पानी रहने से वर्ष भी नदियों में पानी भरा रहने से जमीनी जल स्तर बढ़ेगा और निस्तार भी होता रहेगा।नदी पुर्नजीवन के तहत ईश्वरपुर और खमरिया में स्टाप डेम निर्माण का प्रस्ताव बनाया गया था लेकिन यह विषय कागजों में ही सिमट कर रह गया।

### नहीं बनें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

जमीनी जल स्तर को बढ़ाये जाने की दिशा में जल संकट को देखते हुए तरह-तरह के अभियान और जन-जागरण अभियान चलाये जातें हैं। लेकिन यह अभियान अभी तक केवल दिखावा और फोटो खिंचवाने पेपरों में छपवाने तक सीमित रह गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर ना तो बहते हुए पानी को रोकने जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं हो रहें हैं। शासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से शासकीय भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है लेकिन एक भी भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना हुआ है। पक्की सीमेंट सड़कों के चलते शोक पिट गड्ढे भी नदारत है। चूंकि नर्मदा नदी से पानी लाकर प्यास बुझाने और निस्तार का काम चल रहा है लेकिन इसमें जल बढ़ाने के प्रयास नहीं हो रहें हैं।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**तेंदूखेड़ा।** भगवान बांके बिहारी मां भगवती हरसिद्धि देवी की कृपा से वैशाख माह में आज 3 मई से सागौनी में स्थित काली मठ के समीप संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। तीन मई से नौ मई के बीच दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कथा व्यास सुश्री श्रेया किशोरी के मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद किया जाएगा।आज कलश यात्रा के साथ शुरू हो रहे इस ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आयोजन समीति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### श्रीराम महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल से

**तेंदूखेड़ा।** वैशाख माह में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम मदनपुर खेरुआ में 4 मई से 12 मई के बीच श्रीराम महायज्ञ एवं नव निर्मित मंदिर में श्री राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव तथा 5 मई से संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।कल चार मई में विशाल कलशयात्रा मंडप प्रवेश के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञाचार्य पं बलराम प्रसाद शर्मा उपाचार्य पं प्रमोद पचोरी ब्रह्मा पं रवीन्द्र चौबे तथा पं मुकेश शर्मा के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ संपन्न होगा।पांच मई से संगीतमय श्री राम कथा दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक पं कृष्णकांत जी शास्त्री के मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद किया जाएगा। आयोजन समीति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### तुअर खरीदी हेतु पंजीयन 15 तक

**नरसिंहपुर।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024- 25 के अंतर्गत फसल के लिए नीति जारी की है। जारी निर्देशों के अनुसार जिले में पंजीकृत किसानों से तुअर फसल का उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 10 जून 2025 तक की अवधि में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा तुअर फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए तुअर पंजीयन की तिथि अब 15 मई 2025 तक बढ़ाई गई है।